स्वच्छ भारत अभियान

दिनांक 30.07.2018

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन का तुरंत निराकरण किया गया।

भिलाईनगर/ निगम आयुक्त जनदर्शन में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों के द्वारा जो आवेदन आयुक्त महोदय के समक्ष प्रस्तुत किए जाते हैं जिसके निराकरण करने हेतु तत्काल उपस्थित अधिकारियों को निर्देश श्री चौहान के द्वारा दिया जाता है तथा की गई कार्यवाही से अवगत कराने के भी निर्देश दिए जाते हैं। आज निगम जनदर्शन में जोन क्रमांक 1 नेहरू नगर कार्यालय के अंतर्गत राधिका नगर में अवैध रूप से संचालित चिकन दुकान की शिकायत आवेदन पर निगम आयुक्त श्री चौहान ने स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह तत्काल जोन क्रमांक 01 नेहरू नगर के स्वास्थ्य अमले को मौके का निरीक्षण करावे तथा अवैध रूप से दुकान संचालित किये जाने पर तत्काल उक्त दुकान को सील करें। आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार जोन–01 का स्वास्थ्य अमला मौके पर पहुंचकर चिकन दुकान को सील करते हुए अवैध रूप से विक्रय कर रहे चिकन को जप्त कर विनिष्टीकरण की कार्यवाही सुनिश्चित की गई।

नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान के आदेशानुसार निगम क्षेत्र में नाली के ऊपर किए गए अवैध कब्जा हटाए जाने के संबंध में जोन आयुक्तों को स्पष्ट दिशा निर्देश दिया गया था कि निगम जनदर्शन, आयुक्त कार्यालय, जोन कार्यालय या अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायत आवेदन पत्र पर मौके का निरीक्षण कर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चत करें, तथा की गई कार्यवाही से मुझे अवगत करावें।

जन सम्पर्क अधिकारी